भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **3952**

दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 / 21 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

बिलासपुर हवाई अड्डे का उन्नयन

3952. श्री अरूण साव:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की उड़ान योजना के अंतर्गत डी.जी.सी.ए. द्वारा 06 दिसम्बर, 2018 को चकारभाठा-बिलासपुर हवाई अड्डे को 2सीवीएफआर-एटीआर 42 श्रेणी का लाइसेंस जारी किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या छत्तीसगढ़ के जगदलपुर हवाई अड्डे को 3सीवीएफआर श्रेणी में उन्नयन के लिए डी.जी.सी.ए. को प्रस्ताव भेजा गया है;

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस पर लिए गए निर्णय का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का बिलासपुर हवाई अड्डे का 3सीवीएफआर श्रेणी में उन्नयन करने और जगदलपुर के साथ बिलासपुर से हवाई सेवाएं आरंभ करने का विचार है;

(च) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस पर कब तक निर्णय लिए जाने की संभावना है; और

(छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) तथा (ख) बिलासपुर एयरोड्रम को, डे-विजुवल फ्लाइट नियमावली (वीएफआर) प्रचालन हेतु जन प्रयोग श्रेणी के अंतर्गत दिनांक 06 दिसंबर, 2018 को एयरोड्रम संदर्भ कोड '2सी' का लाइसेंस प्रदान किया गया था।

(ग) तथा (घ): जगदलपुर हवाईअड्डे का 3सी वीएफआर श्रेणी में स्तरोन्नयन करने के संबंध में छत्तीसगढ सरकार के प्रस्ताव की नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जांच-पड़ताल की गई है और इस प्रस्ताव की कमियों को, अनुपालन के लिए, राज्य सरकार को अवगत करवा दिया गया है।

(ड.) से (छ): बिलासपुर और जगदलपुर, दोनों हवाईअड्डों को, भारत सरकार की क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के अंतर्गत विकसित किया गया है। छत्तीसगढ राज्य सरकार ने बिलासपुर हवाईअड्डे का 3सी वीएफआर श्रेणी में स्तरोन्नयन का कार्य आरंभ कर दिया है। बिलासपुर के लिए आरसीएस की बोली प्रक्रिया के प्रथम चरण के अंतर्गत अवार्ड किए गए मार्गों को, चयनित एयरलाइन प्रचालक द्वारा करार का अनुपालन न किए जाने के कारण रद्द कर दिया गया है और आरसीएस बोली प्रक्रिया के भावी चरणों में बिलासपुर को जोड़ने वाली आरसीएस उड़ानों को प्रचालित करने के लिए कोई वैध बोली प्राप्त नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त, आरसीएस बोली प्रक्रिया के तीसरे चरण में, चयनित एयरलाइन प्रचालकों को हैदराबाद, रायपुर, विशाखापत्तनम तथा भुवनेश्वर से जगदलपुर के लिए मार्ग अवार्ड किए गए हैं।

*****